आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

बेंडरों और एजेंटों को खदेड़ा, फटकार लगाते कलेक्टर ने कहा कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 जुलाई, रीवा में आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी का रौद्र रूप देखने को मिला. निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था फैलाने और अनाधिक्रत रूप से पैसे लेने वालों को कलेक्टर फटकार लगाते हुये उन्हें कार्यालय से बाहर खदेडते नजर आए. परिसर में टपरा लगाकर बैठे एजेंट एवं बेंडरों को भी फटकार लगाते हुए कहा कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे.



दरअसल कर्मचारियों की मिल रही शिकायत के बाद कलेक्टर औचक निरीक्षण करने आरटीओ कार्यालय पहुंचे. जहा अव्यवस्था देखने को मिली तो वह भड़क गये. कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने औचक निरीक्षण कर परिसर में मौजूद अनधिकृत वेंडर्स पर सख्त कार्रवाई की और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए. कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने अनाधिकृत व्यक्तियों को जमकर फटकार लगाई और परिसर से बाहर कर दिया. दरअसल रीवा कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी अचानक आरटीओ कार्यालय पहुंचे. जहां उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान परिसर में वर्षों से जमे अनधिकृत वेंडर्स और बाहरी लोगों की मौजूदगी पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई. उन्होंने मौके पर ही संबंधित लोगों को कड़ी फटकार लगाई और परिसर खाली कराने के निर्देश दिए. साथ ही खाली जगह पर पार्किंग व्यवस्था बनाने की बात कही. आरटीओ कार्यालय में लंबे समय से अनधिकृत लोगों द्वारा पैसों की वसूली, दलाली और आम नागरिकों से अभद्र व्यवहार की शिकायतें लगातार मिल रही थी. महिलाओं के साथ अशोभनीय व्यवहार की शिकायतें भी प्रशासन तक पहुंच रही थीं. इन शिकायतों के आधार पर कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आरटीओ परिसर में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए. उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने, आम लोगों को पारदर्शी और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने तथा भविष्य में ऐसी शिकायतें न आने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. निरीक्षण में एसडीएम, तहसीलदार, आरटीओ मौजूद रहे.

शहर में सड़क मरम्मत का काम शुरू

रीवा, 21 जुलाई, वर्षा ऋतु में शहरवासियों को आवागमन में हो रही असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा की टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों पर पैच भरने एवं जल निकासी का कार्य तेजी से किया जा रहा है. इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 09 कैलाशपुरी अंतर्गत झलबदरी तालाब के समीप अनीश के घर से पहाड़ी तक का मार्ग वर्षा के कारण लगभग 2 फीट पानी में डूबा हुआ था, जिससे क्षेत्रवासियों का आवागमन बाधित था. निगम की टीम द्वारा उक्त मार्ग पर डब्ल्यूबीएम से मरम्मत कार्य कराकर 20 से 25 प्रभावित परिवारों का आवागमन पुनः सुचारु कराया गया. वहीं जोन क्रमांक 03 अंतर्गत शारदा ठीहा से शिवनगर मोड़ तक के व्यस्त मार्ग पर पेचवर्क एवं गड्ढा मरम्मत का कार्य कर मार्ग को सुगम बनाया गया. अन्य वार्डों में भी काम चल रहा है.



सामान्य से कम वर्षा, अब तक 123 .7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 जुलाई, किसान झमाझम बारिश के इंतजार में खरीफ की बोनी नही कर पाए. सूखे के आहट के बीच धान का रोपा खेत में मोटर पम्प से पानी भर कर लगा रहे है. जिले में अभी तक सामान्य से बहुत कम बारिश हुई है.

जबकि गत वर्ष इस अवधि में 450.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले में सर्वाधिक वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई है जबकि सबसे कम वर्षा त्योंथर में 26 मिली मीटर हुई है, वही मनगवां में भी कम वर्षा दर्ज की गई है.

गौरतलब है कि आषाढ़ का महीना बीतने वाला है, 8 दिन बाद आषाढ़ की विदाई हो जाएगी. कम वर्षा के चलते किसान खरीफ की बोनी नही कर पाये है, धान की रोपाई भी रूकी हुई है. दरअसल किसान वर्षा को लेकर ड़रे हुए है, अगर झमाझम बारिश नही हुई तो खेत में धान लगाने के बाद नुकसान ही होगा. मंगलवार को दिन भर तेज धूप रही शाम को काले बादल आये लेकिन बारिश नही हुई. धीरे-धीरे बोनी का समय बीत रहा है किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है.

सबसे कम त्योंथर और मनगवां में बारिश

रीवा जिले में एक जून से अब तक 123 .7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है . जिले में 21 जुलाई को 19 .5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई . सर्वाधिक 68 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई . जिले में एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 132 .3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 110 .5 मिलीमीटर, गुढ़ में 300 मिलीमीटर, सिरमौर में 107 .4 मिलीमीटर, त्योंथर में 26 मिलीमीटर, सेमरिया में 135 मिलीमीटर, मनगवां में 56 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 122 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई . गत वर्ष इसी अवधि में 450 .6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी .

संक्षिप्त

नलजल योजनाओं से संबंधित कार्यशाला आज

रीवा, ग्रामीण नलजल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं प्रबंधन नियम 1926 की जानकारी देने के लिए संभाग स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला 22 जुलाई को आयोजित की जा रही है . कार्यशाला सुबह 9 .30 बजे होटल विजय विलास रीवा में आरंभ होगी . इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि कार्यशाला में ग्रामीण विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के रीवा और मऊगंज जिले के सभी अधिकारी शामिल होंगे . कार्यशाला में जिला पंचायत के लेखाधिकारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी वीबी जीराम जी, जिला समन्वयक स्वच्छता मिशन, जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी तथा सहायक यंत्री पीएचई उपस्थित रहेंगे .

पुल निर्माण के लिए होगा भू-अर्जन

रीवा, जिले के ग्राम बजरा से उपरोहितन पुरवा मार्ग में नैना नदी में हिरिया घाट पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल और पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा . इसके लिए ग्राम उपरोहितन पुरवा में 0 .342 हेक्टेयर जमीन का भू अर्जन किया जा रहा है . कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने इस संबंध में बताया कि भू अर्जन के लिए भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तहत धारा 11 की अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है . अधिसूचना प्रकाशन की तिथि से उक्त भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करेगा .

कमिश्नर आज करेंगे समीक्षा

रीवा, कमिश्नर रीवा संभाग शीलेन्द्र सिंह 22 जुलाई को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कृषि उपज मण्डी तथा कृषि विपणन बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करेंगे . बैठक में ई मण्डी योजना, मंडियों में फार्मगेट योजना की स्थिति, मंडियों में अनाज की सफाई, ग्रेडिंग और पैकेजिंग प्लांट की स्थापना, मंडी प्रांगणों से अवैध कब्जा हटाने, पेंशन तथा न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी . बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित आवेदनों के निराकरण, मंडियों में तौल कांटों के सत्यापन, हम्माल तथा तौलने वालों का संबल योजना में पंजीयन, मंडियों के आय-व्यय की जानकारी तथा विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी . संयुक्त आयुक्त वीरेन्द्र पटेल ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है .

लालगांव में आज लगेगा नि :शुल्क शिविर

रीवा, उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देशों के अनुसार जिले में नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं . शिविरों का आयोजन 31 जुलाई तक किया जा रहा है . इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ . यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि 22 जुलाई को गंगेव विकासखण्ड के लालगांव में नि :शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगेगा . शिविर में स्वास्थ्य विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी जायेगी . शिविर में गर्भवती महिलाओं और शिशुओं की जांच के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात रहेंगे . शिविर में रोगियों को दवाओं का नि :शुल्क वितरण भी किया जायेगा . मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम जनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की है .

ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि आज

रीवा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत जिला रीवा द्वारा नशा मुक्ति युवा विकसित भारत अभियान के तहत जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने एवं नशा मुक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है . अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर लोकगीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु फिल्म, रील निर्माण, नारा लेखन एवं कविता पाठ सहित कुल 8 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा . इनमें रीवा जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं . प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर वालेंटियर फॉर भारत के अंतर्गत उपलब्ध नशा मुक्ति युवा कैंपेन इवेंट में ऑनलाइन आवेदन करना होगा . आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई निर्धारित की गई है .

प्रवेश के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

रीवा, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2027-28 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है . आवेदन 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं . इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है . इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए . जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो ऐसे विद्यार्थी 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं .

सड़क हादसे में मऊगंज-हनुमना के यात्री घायल

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 जुलाई, मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़हा के पास नेशनल हाईवे-30 पर सोमवार रात बड़ा सड़क हादसा हो गया.

रीवा से नागपुर जा रही एक यात्री बस सवारी उतार रही थी, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है, ट्रक चालक भी इस दुर्घटना में घायल हुआ है. जानकारी के अनुसार, यह हादसा सोमवार रात करीब 10 बजे हुआ. रीवा से नागपुर जा रही बस ग्राम पड़हा के पास यात्रियों को उतारने के लिए रुकी थी. इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने बस को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि बस से उतर रहे यात्री और ट्रक चालक सहित कई लोग घायल हो गए. घटना में घायल ट्रक चालक की पहचान विजय प्रताप के रूप में हुई है, जो गुजरात के मिर्जापुर की ओर जा रहा था. वहीं बस सवार और नीचे उतर रहे यात्रियों में अशोक द्विवेदी निवासी पड़हा, बलराम पाण्डेय निवासी पड़हा, शांति देवी साकेत, सुनील कुमार निवासी हनुमना जिला मऊगंज, नील मिश्रा निवासी परियारी मऊगंज, आरती यादव, अनिल कुशवाहा निवासी घुनवारा मैहर, शुभम विश्वकर्मा निवासी पिपरा मऊगंज, रामजी विश्वकर्मा निवासी पैपखार मऊगंज और विनय कुमार पटेल निवासी बरौनी मऊगंज सहित अन्य यात्री घायल हुए हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची.



राजभवन के बाहर धरना देने रीवा से पहुंचे महापौर के साथ कांग्रेस नेता

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 जुलाई, दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई कथित बर्बर कार्रवाई के विरोध में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में भोपाल स्थित राजभवन के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया.

धरना-प्रदर्शन में रीवा से महापौर अजय मिश्रा बाबा के नेतृत्व में नेताओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई. इस दौरान नगर निगम रीवा के एम.आई.सी. सदस्य धनेंद्र सिंह बघेल, रवि तिवारी, पूर्व पार्षद राम प्रकाश तिवारी 'डेडू' एवं अमित चतुर्वेदी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है. छात्रों की आवाज़ को दबाने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस पार्टी विरोध करती है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव युवाओं, छात्रों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी. देर शाम तक धरना प्रदर्शन जारी रहा. कार्यवाही की मांग पर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के रीवा के कांग्रेस नेता भी मैदान में डटे रहे.

शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ शांतिपूर्ण मार्च पर बल प्रयोग लोकतंत्र पर हमला

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 जुलाई, शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर चल रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर किए गए कथित बल प्रयोग की कड़ी निंदा की.

नेताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण मार्च कर रहे छात्रों एवं युवाओं पर कथित लाठीचार्ज, आंसू गैस और अन्य बल प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है. उनका कहना था कि लोकतंत्र में अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और ऐसी परिस्थितियों में सरकार को संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए. संविधान में सहमति में सहमति की भावना समाहित है उसका सम्मान करना चाहिए. संयुक्त प्रेस वार्ता में नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज़ दबाने का प्रयास कर रही है. सिविल ड्रेस में डंडे लेकर वहां पर तैनात आसामाजिक तत्वों की जांच की जाए और उन पर उचित कार्रवाई की जाए. घायल छात्रों को उचित उपचार एवं मुआवजा दिया जाए. प्रेस वार्ता के अंत में कांग्रेस प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू, रमाशंकर सिंह, माकपा जिला सचिव कामरेड गिरिजेश सिंह सेंगर, अमित सोहगौरा, अजय तिवारी, अनिल मिश्रा मौजूद रहे.



सूची से हितग्राहियों का नाम गायब

रीवा, 21 जुलाई, रीवा जिले की एक ग्राम पंचायत में पीएम आवास योजना में बडी गडबडी का मामला प्रकाश में आया है. आरोप है की सर्वे के बाद बनी 363 हितग्राहियों की लिस्ट में सिर्फ 53 का नाम ही शामिल किया गया, जबकि अन्य हितग्राहियों का नाम लिस्ट से गायब कर दिया. मामले में गडबडी का आरोप ग्राम पंचायत के ही सरपंच, सचिव व सहायक सचिव सहित अन्य पर है. ग्रामीणों का कहना है कि अपत्रों को शामिल किया गया है.

6 महीने से ग्रामीणों को नहीं मिला खाद्यान्न

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 जुलाई, रीवा के सिरमौर ब्लॉक अंतर्गत शाहपुर 540 में बीते 6 महीने से हितग्राही खाद्यान्न के लिये भटक रहे है. स्थानीय स्तर से लेकर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद ग्रामीण आज रीवा के कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे है.

ग्रामीणों नें कलेक्टर से मुलाकात कर 6 माह से खाद्यान्न का वितरण ना होने की बात कही. ग्रामीणों की शिकायत पर कलेक्टर ने ना सिर्फ आश्वस्त किया, बल्कि जांच कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है. ग्रामीणों नें बताया कि ग्राम शाहपुर 540 में करीब 700 कार्डधारक है, लेकिन बीते 6 महीने से राशन दुकान से उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल रहा है. हांलाकि ग्रामीणों ने पूर्व में इसकी शिकायत स्थानीय स्तर से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक में की, लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो आज वह सैकडों की संख्या में कलेक्टेट कार्यालय जा पहुंचे और अपनी समस्या कलेक्टर को सुनाई.

ग्रामीणों की समस्या पर कलेक्टर नें तुरंत एसडीएम और तहसीलदार को जांच कर कार्यवाही के लिये निर्देशित किया और जल्द से जल्द खाद्यान्न दिलाने ग्रामीणों को आश्वास्त किया है. ग्रामीणों ने भरोसा जताते हुये कहा कि हमे पूरी उम्मीद है कि कलेक्टर द्वारा उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा.

जन सुनवाई में निराकरण होने से लोगों की उम्मीद बढ़ी

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 जुलाई, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में आम जनता के 553 आवेदन पत्रों में सुनवाई की.



जनसुनवाई में पहले के अपेक्षा आवेदनों की संख्या कम हुई है. शिकायतों के निराकरण होने पर जनसुनवाई के प्रति विश्वास बढ़ा है. निराकरण न करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही हो रही है. कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों पर तत्परता और संवेदनशीलता से कार्यवाही करके सात दिन में निराकरण करें. निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के साथ आवेदक को भी अवगत कराएं. तहसील स्तर पर भी जनसुनवाई का प्रभावी आयोजन करें. जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का तय समय सीमा पर निराकरण न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी. जनसुनवाई में अर्चना चतुर्वेदी निवासी सोहागी तथा रमेश कोल निवासी जोरी ने आवासीय पट्टे के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को आवेदनों में कार्यवाही के निर्देश दिए. अरूण प्रताप सिंह निवासी कुशवार ने उपार्जित गेंहू की राशि भुगतान के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को सात दिन में निराकरण के निर्देश दिए.

छुहिया घाटी में दंपति को ट्रक ने कुचला पति की मौत, पत्नी घायल

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 जुलाई, रीवा की छुहिया घाटी में एक बेहद ही दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. यहां तेज रफतार ट्रक के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद उन्हें कुचल दिया.

घटना के दौरान ट्रक के पहिया में बाइक फंस गई जिसे ट्रक चालक काफी दूर तक घसीटता रहा, इस दौरान बाइक सवार दंपति में पति की मौके ही दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल है. जनकारी के मुताबिक उमरिया जिले के पाली निवासी शेख अजमल हुसैन अपनी पत्नी को बाइक में बैठाकर रीवा के गढ स्थित मायके पहुंचाने आ रहे थे. बइक सवार दंपति जैसे ही छुहिया घाटी पहुंचे, तभी तेज रफतार ट्रक के चालक नें बाइक को पीछे से टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद चालक बाइक को काफी दूर तक धसीटते ले गया, जिससे बाइक सवार शेख अजमल हुसैन की मौत हो गई जबकि पत्नी सफीकुन्निशा गंभीर रूप से घायल है.

दुकानों से शेड हटाने के साथ की गई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

रीवा, 21 जुलाई, मंगलवार को नगर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमणमुक्त कराया गया.

इस दौरान जोन क्रमांक 2 अंतर्गत सिरमौर चैराहा के आसपास ठेला संचालकों द्वारा रोड पटरी पर व्यापार किया जा रहा था. इस पर कार्रवाई करते हुए सभी ठेला संचालकों को हॉकर्स कॉर्नर में व्यवस्थित कराया गया, जिससे आवागमन सुचारु हो सके. साथ ही संबंधित व्यक्तियों को समझाइश दी गई कि सड़क की पटरी पर पुनः किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार जब्ती के साथ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. इसके अतिरिक्त प्रकाश चैराहे से अस्पताल चैराहे तक दुकानदारों द्वारा दुकान के सामने टीन शेड बनाकर एवं रोड पटरी पर व्यापार किया जा रहा था, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए टीन शेड हटवाए तथा रोड पटरी को अतिक्रमणमुक्त कराया यातायात सुचारु कराया गया. इसी प्रकार जानकी पार्क से गांधी कॉम्प्लेक्स रोड तक दुकानदारों द्वारा दुकान के सामने रोड पटरी पर सामग्री रखकर व्यापार किया जा रहा था. नगर निगम द्वारा सामग्री हटाकर रोड पटरी खाली कराई गई. साथ ही छोटी पुल के ऊपर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया.इसके अलावा अवैध होर्डिंग, पोस्टर एवं बैनर लगाने पर कार्यवाही की गई.

